डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 258 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 04 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया






## पचहत्तर ग्राम एमडी के साथ मिला डोडाचूरा, बाईक सवार दो युवक गिरफ्तार

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ बाईक सवार दो युवको को पकड़ा है। इनके कब्जे से डोडाचूरा भी मिला है। मामले में एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

अफजलपुर थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर असावती कुचड़ोद आम रोड चेक पोस्ट अर्निया गुर्जर पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक बिना नम्बर की बाईक एचएफ डीलक्स को रोका गया। इनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 75 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स और 05 किलो 900 ग्राम डोडाचूरा मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गफ्फार पिता मोहम्मद खान निवासी मुण्डलाराम थाना कालुखेडा जिला रतलाम और फारुख पिता लियाकत खान निवासी मुण्डलाराम थाना कालुखेडा जिला रतलाम बताया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ अरविन्द सिंह चन्द्रावत निवासी लसुड़िया नाथी थाना कालुखेडा जिला रतलाम से लाये है। पुलिस ने अरविंद को भी आरोपी बनाया है। बता दें कि तीनो आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियो को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### सामने आ रही रिछा चांदा की कहानी...

सूत्रो की माने तो एक पंडित के जरिये पाटी बनकर पहुंचे थे। आरोपियो को कथित रूप से जयपुर की पार्टी से मिलाने के बहाने बुलाया गया था। रिछा चांदा से बुधवार शाम करीब 05 बजे तीन लोगो को उठाकर लाने की खबर थी। हालांकि, लिखापढ़ी में समय लगता है। इसलिये देर रात कायमी की गई होगी। इधर एक को हाथो-हाथ विदा करने की कहानी भी चर्चा में है। यदि सूत्र की बात सही है तो अपनी नीर-क्षीर कार्यशैली के लिए ख्यात पुलिस कप्तान को सही जांच कराना चाहिए। यह भी उल्लेखनीय है कि अफजलपुर से पहले कई कारणो से हटाये गए आरक्षक और हेडसाब को पुनः वहीं पदस्थ करना कहीं गले की हड्डी ना बन जाये?

# सरकार...समोसा ही मंदसौर में 25 रुपए का है..!



## 20 रुपए रोज देकर उड़ा रहे दिव्यांगों का मजाक ?

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। लाडली बहना की राशि बढ़ाकर प्रतिमाह 1250 रूपए की गई है। भाईदूज और राखी सहित अन्य त्योहारों पर लाडली बहना हो या किसान अथवा अन्य वर्ग, सरकार विशेष ध्यान रख रही है। लेकिन, उपेक्षा कहे या उपहास, दिव्यांग इसका शिकार बन रहा है। मामला है दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन का। जो सरकार 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से छह सौ रुपए महिना दे रही है। जबकि, मंदसौर में 25 रुपए का तो सिर्फ समोसा ही मिल रहा है। ऐसे में 600 रुपए प्रतिमाह में दिव्यांग की कौन सी जरुरत पूरी होगी, यह तो सरकार ही जाने? जबकि, सरकार ने 1500 रुपए पेंशन का वादा किया था। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्ष 2016 में विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग किया गया था। लेकिन, जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न तो पेंशन राशि में वृद्धि हुई है और न ही सुविधाओं में।**

### 16 साल में बढ़ाए सिर्फ 300 रुपए...

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना 01 अप्रैल 2009 में शुरु की गई। शुरुआत में इसमें तीन सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाता था। जिसमें सौ रुपए राज्य सरकार और दो सौ रुपए केंद्र सरकार देती थी। इसके बाद 16 साल में महज 300 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोतरी कर राशि को 600 रुपए किया गया है। जबकि 16 साल पहले में के हिसाब से वर्तमान में महंगाई सातवें आसमान को भी पार कर चुकी है।

### चाय-नाश्ता तक नहीं आ रहा 20 रुपए रोज में...

छह सौ रुपए प्रतिमाह दिव्यांगों को दिया जा रहा है। मतलब 20 रुपए रोज उनके बैंक अकाउंट में आ रहे हैं। बीस रुपए रोज में तो मंदसौर में चाय-नाश्ता तक नहीं आ रहा। समोसे की कीमत मंदसौर में न्यूनतम 15 रुपए से 25 रुपए तक पहुंच चुकी है। वहीं चाय दस रुपए की मिल रही है। मतलब चाय-नाश्ता 35 रुपए में मिल रहा है। अब इस पेंशन से रोटी और कपड़ा की आवश्यता पूरी हो पाना तो नामुनकीन है।

### हाईकोर्ट का आदेश, सरकार का वादा...

हाईकोर्टने सरकार को नियमों के अनुसार दिव्यांग पेंशन देने का आदेश दे चुका है। सत्ताधारी भाजपा ने भी 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में दिव्यांगों को 1500 रुपए हर महीने देने का वादा किया था। लेकिन, इसे अब तक पूरा नहीं किया गया है।

### क्या कहता है कानून दिव्यांगजन...

अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 24 (1) केमुताबिक, प्रदेश में किसी भी योजना में दी जाने वाली सर्वाधिक राशि से कम से कम 25 प्रतिशत अधिक राशि दिव्यांगों को देना होती है। यह नियम दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए थे।

### अन्य राज्यों में सरकार ने बढ़ाए रुपए...

आंध्र प्रदेश की बात करें तो वहां छह हजार रुपए, हरियाणा में तीन हजार रुपए, तेंलगाना में 1500 रुपए, बिहार में 1100 रुपए, दिल्ली में ढाई हजार रुपए, गोवा में दो हजार रुपए प्रतिमाह दिव्यांगों को पेंशन दी जाती है। जबकि, सबसे कम आंकड़ा मप्र सरकार का ही है। इसमें केंद्र का हिस्सा वही है जो सभी जगह दिया जाता है। राज्य सरकारों ने अपना हिस्सा बढ़ाकर पेंशन राशि बढ़ाई है। जबकि, कुछ ही समय पहले शुरु हुई लाडली बहना योजना में पद्रह सौ रुपए दिवाली से मिलने लगेंगे। वहीं 2028 तक राशि को तीन हजार करने की घोषणा भी सीएम कर चुके हैं।

# कुएं में मिली डोडाचूरा से भरी कार, पुलिस जांच में जुटी





**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नावनखेड़ी में बिना मुंडेर के कुएं से डोडाचूरा से भरी क्रेटा कार मिली है। जिसमें से एक दर्जन कट्टों में भरा डोडाचूरा मिला है। पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। मामले में जांच की जा रही है।

गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने कुएं में एक वाहन गिरा देखा, जिसके बाद आसपास जमा हुई भीड़ ने उसमें रखे कट्टों को भी देखा। शंका होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नाहरगढ़ थाना प्रभारी प्रभात गौड़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से कुएं से कार को बाहर निकाला गया। कार की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि उसमें डोडाचूरा से भरे लगभग 12 कट्टे रखे हुए थे। पुलिस के अनुसार घटना स्थल पर कार में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। वाहन में नंबर प्लेट नहीं थी, जिससे पहचान में भी परेशानी हो रही है। शुरूआती जांच में आशंका है कि किसी अवैध मादक पदार्थों के तस्कर द्वारा पीछा छुड़ाने के लिए कार को कुएं में धकेला गया हो या फिर वाहन खुद असंतुलित होकर गिरा हो।

### फिलहाल प्रकरण दर्ज नहीं...

टीआई प्रभात गौड़ ने बताया कि कार के अंदर डोडाचूरा भरा हुआ मिला है। लेकिन, फिलहाल कोई आरोपी गिरफ्त में नहीं आया है, इसलिए अभी तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। प्रथम दृष्ट्या यह अवैध मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा मामला प्रतीत हो रहा है।

### क्षेत्र में फैली सनसनी...

घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिना मुण्डेर के कुएं कई जगह खुले पड़े हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। वहीं, पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार और डोडाचूरा की जब्ती की पूरी प्रक्रिया में लगी है और वाहन के मालिक का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नावन खेड़ी मामला: पुलिस की फील्डिंग थी या हादसा हुआ? मजिस्ट्रीयल जांच हो

राजू सोनी

**नाहरगढ़ 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नावन खेड़ी मामला पूरे क्षेत्र में जमकर चौपाल पर चर्चा का हिस्सा बना हुआ है। यह हादसा है या नाहरगढ़ पुलिस की फील्डिंग इसके पीछे मुख्य कारण है, इसकी मजिस्ट्रीयल जांच होना चाहिए, यह बात पूरे क्षेत्र में चौपाल की चर्चा का मुख्य मुद्दा बना हुआ है। नाहरगढ़ पुलिस को हुआ क्या हैं? इनको सुंदरकांड का पाठ या शनि देव की पूजा करना चाहिए। क्योंकि, जिस काम में हाथ डालते हैं, उसमें जबरदस्त तरीके से बदनामी हासिल होती हैं। जिससे सरकार की छवि पर असर पड़ रहा हैं।

**गाड़ी का हादसा हुआ या करवाया गया..?**–मामले में यह चर्चा भी चल रही हैं की यह हादसा हुआ हैं या नाहरगढ़ पुलिस जवाबदार है? इसका कारण यह माना जा रहा हैं कि पुलिस लंबे समय से ऐसी ही कारगुजारी करती रहती हैं। शायद लगता है कि थाना पुलिस को किसी राजनीति या बड़े अधिकारी का पूर्ण सहयोग मिल रहा...? यह डोडाचुरा के इतने प्यासे हो गए हैं कि कुछ भी कर सकते हैं। आगे की निष्पक्ष जांच समस्त जनता चाहती है.?

**पूरे घटनाक्रम की हो मजिस्ट्रीयल जांच**–पुलिस ने जो क्रेटा कार पकडी थी, उसमें सूत्र बताते है कि गरोठ क्षेत्र से छिलका लाना बताया जा रहा है? इस पूरे मामले को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में जो नावन खेड़ी का मामला हुआ हैं। इसमें कुछ तस्वीर अलग नजर आ रही हैं। इसकी जांच होना अति आवश्यक हैं। जिससे जनता के मन में विश्वास की अलख जग सके.. जिले के अधिकारियो को संपूर्ण जांच कराना चाहिए।

**जनता का अनुमान कार के पीछे नाहरगढ़ पुलिस थी...?**–इस पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र की चौपाल पर अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। पर हकीकत नाहरगढ़ पुलिस ही जानती है। क्या नाहरगढ़ पुलिस के पीछा करने से यह हादसा हुआ...? या मौका स्थिति पर पीछे लगे हुए थे...? जिससे गाड़ी बिना मुंडेर कुए में जा गिरी...? इस पूरे मामले की सचाई जनता जानती हैं कि माजरा क्या हैं.? पर पुलिस के उच्च अधिकारी स्वयं जांच कराये तो सचाई सामने आ सकती हैं। जिससे सरकार की छवि खराब होने से बच सकेगी। बीजेपी संगठन को भी जिले में चल रहे ऐसे कार्यो की तरफ अपनी पैनी नजर घुमाते हुए पुलिस विभाग की अवैध गतिविधिया अगर चल रही हैं तो रोकना चाहिये।

# कार की टक्कर से मंडी व्यापारी की मौत

## कलेक्टोरेट रोड पर हुआ हादसा

### डॉक्टर की कार ने खड़े वाहन को टक्कर मारी



**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कलेक्टरेट मार्ग पर गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में युवा मंडी व्यापारी दीपक जैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दीपक जैन तहसील कार्यालय से निकलने के बाद अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर को साइड में खड़ा कर मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शाम करीब सवा चार बजे का है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इलेक्ट्रिक स्कूटर कई फीट दूर जाकर गिरा, वहीं दीपक जैन को गंभीर चोटें आई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड दिया। कार की गति इतनी तेज थी कि डिवाडइर से टकराकर कार पलटकर नाले में उतर गई। कार निजी अस्पताल में कार्यरत सर्जन डॉक्टर अश्विन पंड्या चला रहे थे। मृतक दीपक पिता पारसमल जैन मंदसौर मंडी में मारुति फूड के संचालक थे तथा दशरथ आयल मिल के मालिक दशरथ जैन के भतीजे थे। दीपक की मृत्यु की खबर सुनकर व्यापार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल दीपक को तत्काल सिद्धि विनायक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मंडी व्यापारी और परिचित बडी संख्या में अस्पताल पहुंचे। हादसे के बाद पुलिस ने चार पहिया वाहन को कब्जे में लिया और मामलें की जांच शुरु की हैं। दीपक की शवयात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे निवास स्थान से शव वाहन द्वारा मंदसौर मुक्तिधाम जाएगी।

## पिपलिया मंडी में जीएसटी टीम की कार्रवाई, लोहा व्यापारी के यहां टैक्स चोरी की जांच



### उज्जैन से आई टीम ने श्रीनाथ ट्रेडर्स पर की छापामार कार्रवाई

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी नगर के बायपास स्थित श्रीनाथ ट्रेडर्स फर्म पर जीएसटी विभाग की टीम ने गुरुवार शाम टैक्स चोरी की सूचना पर छापा मारा। उज्जैन से आई करीब पांच अधिकारियों की टीम ने फर्म संचालक उमेश फरक्या के यहां दस्तावेजों की जांच की।

विभाग को इस फर्म पर लंबे समय से व्यापार में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थी। व्यापारी लोहे के सलिये व अन्य उपकरणों का बड़े पैमाने पर विक्रय करता है। देर रात तक कार्रवाई जारी रही, हालांकि अधिकारियों ने फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है।

## कनघट्टी में चल रहा था अवैध दवाखाना, प्रकरण दर्ज

**पिपलिया मंडी, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से चल रहे दवाखाना संचालक के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बस स्टेण्ड के पास कनघट्टी में संचालित गुरुकृपा बंगाली दवाखाना का ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर मल्हारगढ़ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रुप से दवाखाना संचालित पाया गया। बीएमओ के प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने गुरुकृपा बंगाली दवाखाना के संचालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया।

# देर रात से सुबह तक झमाझम, दोपहर में धूप

## नीमच में गांवों से संपर्क टूटा, ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर





**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में मौसम रोज अलग-अलग रंग दिखा रहा है। बुधवार देर रात से लेकर सुबह तक रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। गुरुवार को भी सुबह 11 बजे तक बारिश का दौर चला। जिसके बाद दिनभर बादल छाए रहे। दोपहर बाद धूप खिल गई। इसके बाद शाम को फिर बादलों का डेरा आसमान पर दिखाई देने लगा।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार दोपहर तक मंदसौर में 12 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। वहीं 05 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। इधर नीमच में भयंकर बारिश का दौर जारी है। यहां कई गांवों से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट गया है तो ब्राहमणी नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। कई जगहों पर घरों में पानी घुस गया है।

नीमच जिले में 18 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले में अब तक 10 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। जबकि, बुधवार शाम तक 24 घंटों में करीब 02 इंच बारिश हो चुकी है। बारिश के कारण नदी-नालों में उफान आ गया है। 08 घंटे तक नीमच-कोटा राजमार्ग पूरी तरह से बंद रहा। ताल और उमर गांव की नदी की पुलिया पर पानी भर जाने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इससे यात्री घंटों तक जाम में फंसे रहे। सिंगोली तहसील के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया। जाट क्षेत्र की लोटन नदी की पुलिया पर तेज बहाव के कारण राजस्थान के कनेरा, विजयपुर और बेगू से नीमच का संपर्क भी टूट गया। कई स्थानों पर लोगों को बहते पानी में से वाहन निकालते देखा गया। उमर गांव में तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल और रतनगढ़ थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सिंगोली नगर की प्रमुख ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। शहर की चारों दिशाओं से आने-जाने वाले रास्ते जलभराव के कारण बंद हैं। रतनगढ़ क्षेत्र की गुंजाली नदी भी उफान पर रही।

## खेत में सो रहे किसान की हत्या

**गरोठ, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के कछालिया गांव में बुधवार की रात खेत में सो रहे 62 वर्षीय किसान बालाराम गायरी की हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह मिले शव पर चोट के कई निशान हैं। उनका एक पाव पूरी तरह से कट गया है। सिर पर भी चोट के गहरे निशान हैं। सूचना मिलते ही गरोठ थाने से उप निरीक्षक मांगीलाल चौहान मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी हरीश मालवीय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया गया है कि मृतक के दो बेटे राजू और मांगीलाल हैं। उनकी तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद से बेटा राजू फरार है। इस कारण पुलिस को उस पर संदेह है। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गरोठ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पीएम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

# चीतों को भाया गांधीसागर अभ्यारण्य, दक्षिण अफ्रीका से लाए जाएंगे चार और चीते



**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** देश में चीता पुनर्वास परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में बसाए गए चीतों में से दो प्रभास व पावक को गांधीसागर अभयारण्य में छोड़ा गया है। दोनों चीते यहां की आबोहवा में रम चुके हैं। गर्मी और लू के मौसम में भी चीते सामान्य व्यवहार करते दिखे। ढाई माह में दोनों चीतों ने 30 से अधिक शिकार किए। अभयारण्य के अधिकारियों के अनुसार चीते औसत हर तीसरे दिन नीलगाय या अन्य शिकार को पकड़ रहे हैं। इससे उनके स्वास्थ्य और अनुकूलन की स्थिति मजबूत दिख रही है।

ऐसे में दक्षिण अफ्रीका से लाई जाने वाली चीतों की तीसरी खेप में से चार चीतों को यहां छोड़े जाने की तैयारी है। शेष चीते गुजरात भेजे जाएंगे। तीसरे चरण में कुल कितने चीते आएंगे, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है।

### दो चरणों में लाए गए 20 चीते...

बता दें की दक्षिण अफ्रीका से दो चरणों में अभी तक 20 चीते लाए जा चुके हैं। पहले चरण में 08 और दूसरे चरण में 12 चीते लाए गए थे। जिन्हें कूनो नेशनल पार्क में बसाया गया है। गांधीसागर अभयारण्य को भी चीतों का रहवास बनाने के लिए चुना गया है। कूनो से यहां लाकर छोड़े गए दोनों चीतों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यहां का वातावरण उनके अनुकूल है। दोनों चीतों को 16.4 वर्ग किमी के बाड़े में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका से और चीते लाए जाने के क्रम में केंद्रीय वनाधिकारियों के साथ मध्य प्रदेश के अधिकारियों का दल हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से लौटा है। अधिकारियों ने बताया कि गांधीसागर अभयारण्य में चार चीते अगस्त के अंत या सितंबर तक लाए जा सकते हैं।

**इनका कहना**–मानसून सीजन के बाद अफ्रीका से चार चीते यहां लाए जा सकते हैं। अभी वन विभाग का दल अफ्रीका का दौरा कर लौटा है। इसमें मप्र के सीसीएफ भी गए थे। चार चीते मप्र को मिलने पर सहमति बनी है।

**संजय रायखेरे**
**डीएफओ मंदसौर**

# स्मार्ट मीटर लगवाएं और 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं-मुख्यमंत्री

## बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए साल भर चलाएं मेन्टेनेंस गतिविधियां, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा की

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी जरूरत है। सबको जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिये। बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए साल भर मेंटीनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नये उपकरण क्रय किये जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर/लाइन लॉसेस कम से कम करें और ऊर्जा की बचत के सभी तरीकों पर गंभीरता से अमल करें।

**विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरूरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनियों को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।



**बिजली कंपनियों को दो वर्ष में लाएं लाभ की स्थिति में-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले दो साल में तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लाभ की स्थिति में आ जाएं इसके लिए विद्युत कंपनियां अपनी आय के साधन बढ़ाने के प्रयास करें। नई तकनीक इस्तेमाल करें, नवाचार करें, ताकि कंपनी के साथ-साथ उपभोक्ताओं को फायदा मिले।

**रबी सीजन में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2025-26 के लिये पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरू करें। बैठक में बताया गया कि रबी सीजन में लगभग 20200 मेगावॉट विद्युत मांग संभावित है। गत वर्ष यह मांग 18 हजार 913 मेगावॉट थी।

**वन टाइम सेटलमेंट स्कीम-** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल की बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनकी मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। यह स्कीम छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्तओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनियों के नये सेटअप के संबंध में भी चर्चा की। श्री तोमर ने मुख्यमंत्री द्वारा ऊर्जा विभाग के विभिन्न प्रस्तावों की स्वीकृति पर उनका आभार व्यक्त किया। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मंडलोई ने बताया कि दूसरे राज्यों की तुलना में ऊर्जा के प्रमुख सूचकांकों में (संग्रहण दक्षता में) मध्यप्रदेश देश में पहले नम्बर पर है। प्रदेश में 97.92 प्रतिशत संग्रहण क्षमता हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष के साथ-साथ अगले तीन वर्षों के लिए अपने लक्ष्य तय कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 तक ऊर्जा विभाग बिजली दर टैरिफ में कमी लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान विभाग बिल दक्षता 90 प्रतिशत, संग्रहण दक्षता 99 प्रतिशत और एटी एण्ड सी हानि को 14 प्रतिशत तक कम कर लेने के लक्ष्य के लिए प्रयासरत है।

**पीएम जन-मन में शत प्रतिशत परिवारों को विद्युतिकृत करने का लक्ष्य-** बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 29 हजार 290 परिवारों के घरों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर देने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों के घरों को विद्युतीकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 55 हजार 795 परिवारों के घरों को भी शतप्रतिशत विद्युतिकृत करने की विभाग की योजना है। यह लक्ष्य इसी वित्त वर्ष में प्राप्त लिया जाएगा।

**प्रदेश के छह महानगरों में खोले जाएंगे एक-एक विद्युत पुलिस थाने-** अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा पुलिस संरचना स्थापित की जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के छह महानगरों में एक-एक (कुल छह) विशेष विद्युत पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। आगामी वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में यह पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। ये पुलिस थाने चेकिंग अभियान के दौरान चेकिंग दस्तों को सुरक्षा उपलब्ध कराएंगे। औचक निरीक्षण करेंगे और केस डायरी भी तैयार करेंगे। विद्युत अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेंगे और अदालती कार्यवाही का अवलोकन भी करेंगे ताकि डिस्कॉम की सम्पत्ति की सुरक्षा और बकाया राशि की वसूली के लिए बकाया वसूली अधिनियम के तहत कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में विद्युत के उपयोग का भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा इसके लिए वितरण कंपनियों को निर्देशित कर दिया गया है।

**शासकीय कार्यालयों में लगेंगे प्री-पेड मीटर-** बैठक में बताया गया कि शासकीय कार्यालयों में 15 अगस्त से प्री-पेड मीटर लगाने का कार्य शुरू होगा। इससे शासकीय कार्यालयों में लंबित बिजली बिलों की समस्या नहीं होगी। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रबंध संचालक मप्र ऊर्जा विकास निगम, तीनों विद्युत वितरण कंपनी लि. के सीएमडी तथा अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब की हर बोतल का हिसाब रखेगा आबकारी विभाग, पीओएस मशीन से होगी बिलिंग

**भोपाल, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की शराब दुकानों पर बिक्री के लिए आई शराब की हर बोतल का हिसाब अब आबकारी विभाग के पास होगा। समस्त शराब दुकानों पर पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन से ही शराब विक्रय की बिलिंग की जाएगी। दुकान स्तर तक शराब के ट्रैक एंड ट्रेस को लागू किया जाएगा। इससे शराब की हर बोतल आबकारी विभाग के सर्वर से जुड़ जाएगी।




### हर बोतल का हिसाब-किताब...

इस प्रक्रिया से विभाग के पास सभी दुकानों की रोजाना की यह जानकारी होगी कि किस दुकान से किस ब्रांड और किस बैच की शराब किस कीमत पर बेची गई। यानी अब विभाग के पास हर बोतल का हिसाब-किताब होगा। पीओएस मशीन के जरिए शराब बेचने का मसौदा तैयार किया है। पीओएस मशीन की खरीदी के लिए जल्द ही बिड जारी को जाएगी। इसके बाद प्रदेश की सभी 3 हजार 553 शराब दुकानों पर पीओएस के जरिए ही शराब बिकेगी।

### बगैर पीओएस के ही बेची जा रही शराब...

मौजूदा शराब नीति में पीओएस मशीन से शराब बेचने का प्रविधान है, लेकिन तीन माह से बगैर पीओएस के ही शराब बेची जा रही है। भोपाल सहित प्रदेशभर की अधिकांश शराब दुकानों में महंगे दामों में शराब बेचने के प्रकरण सामने आए हैं।

### गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए उठाया कदम...

कुछ जिलों में कलेक्टर के निर्देश पर शराब दुकानों पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। ऐसे में शराब दुकानों से महंगी शराब बेचने या अन्य गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने यह कदम उठाया है। इस व्यवस्था के लागू होने से शराब ठेकेदार एमआरपी से ज्यादा या कम में शराब नहीं बेच सकेगा।



# अवैध कालोनी का मामला न्यायालय में विचाराधीन, रजिस्ट्रियां रुकवाना चाहिए थी, कर रहे नामांतरण

## पिता के नाम पर दर्ज हुआ प्रकरण तो पुत्र को पावर देकर बेचने लगे अवैध कॉलोनी में भूखंड

**सुवासरा, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर सहित क्षेत्र मे इन दिनों सरकारी जमीनों की खरीद फरोख्त चरम पर है। साथ ही अवैध कॉलोनाइजर खुले रूप से अवैध कॉलोनियों में भूखंड बेच रहे है। प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। जो कि प्रशासन की सांठगांठ से ये सारा खेल होना दर्शा रहा है। रुणिजा रोड स्थित एक ऐसी ही एक अवैध कॉलोनी का मामला सामने आया हैं। इस कॉलोनी की एफआईआर होने के बाद प्रकरण सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद बिना किसी आधार के प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कई छोटे छोटे आवासीय भूखंडो के नामांतरण कर दिए गए।

**नायब तहसीलदार ने कराई थी एफआईआर -**मामला रुणीजा रोड स्थित भूमि सर्वे नंबर( 3/1/1/1/1/1/1/1/1/2) मे 1.10 हेक्टर भूमि का है. कॉलोनाइजर रामप्रसाद बैरवा ने बिना किसी विकास अनुमति अभिमत के अवैध कॉलोनी का निर्माण कर कई प्लॉट विक्रय कर दिए। जब इस अवैध कॉलोनी की शिकायत नगर के जागरूक लोगो द्वारा तहसीलदार को की गयी तो तत्कालीन नायब तहसीलदार ओशिन धन्यवाद ने जांच दल गठित किया. जांच मे पाया गया की कॉलोनाइजर ने बिना किसी सक्षम अधिकारियों की बगैर अनुमति नियम विरुद्ध अवैध कालोनी बनाकर प्लॉट विक्रय कर दिए. जिसके बाद 11मई 2022 को नायब तहसीलदार ने सुवासरा थाने मे स्वयं उपस्थित होकर उक्त कॉलोनाइजर रामप्रसाद बैरवा के विरुद्ध धारा 61(2)(3)(4) के अंतर्गत प्रकरण करवाया था।

**लाभ पहुंचाने के लिए लिया लाभ-** थाने मे प्रकरण दर्ज होने के बाद वर्ष 2023 और 2024 मे अवैध कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के लिए कस्बा पटवारी और तहसीलदार मोहित सीनम ने तत्कालीन एस डी एम राजेश शाह को पत्र लिखकर अभिमत लेकर अवैध कॉलोनी में विक्रय हुए छोटे-छोटे आवासीय भूखंडों का नामांतरण कर दिया गया। इतना ही नहीं राजस्व विभाग के कुछ पटवारियों ने बारी-बारी से अवैध कॉलोनाइजर से नामांतरण करवाने के बदले में उक्त भूमि पर प्लांट ले लिए और नामांतरण करवा दिए।

**पिता पर प्रकरण दर्ज हुआ तो पुत्र को पावर देकर बेच रहे भूखंड-** 2022 में जब इस अवैध कॉलोनी को लेकर रामप्रसाद बैरवा पर प्रकरण दर्ज हुआ तो रामप्रसाद ने इस कॉलोनी में भूखंड बेचने का पावर उसके पुत्र अनिल बैरवा को दे दिया। अवैध कॉलोनी वही है। प्रकरण भी उसी कॉलोनी पर दर्ज है। मामला न्यायालय में भी उसकी कॉलोनी का चल रहा है। बस बेचवाल का नाम बदल गया। ओर प्रशासन को चुना अब अलग नाम से लग रहा है। राजस्व विभाग के आला अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी है। लेकिन कॉलोनाइजर को पूरा लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**रजिस्ट्रियां रुकवाना चाहिए, कर रहे नामांतरण-** रुणिजा रोड स्थित रामप्रसाद बैरवा की इस अवैध कॉलोनी का मामला 2022 में हुई एफआईआर के बाद सीतामऊसिविल कोर्ट में मामला चल रहा है। जिसकी अगली सुनवाई 14 नवंबर 2025 को होना है। इसको लेकर राजस्व विभाग के आला अधिकारियों को इस कॉलोनी के भूखंडों की रजिस्ट्रियां रुकवाना चाहिए थी। लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्रियां रुकवाना तो दूर वहां के भूखंडों के नामांतरण धड़ल्ले से किए जा रहे है।

**राजस्व अधिकारियों से लेकर सरपंच सचिव तक की संदिग्ध भूमिका-** उक्त भूमि ग्राम पंचायत किशोरपुरा के अधीन आती है इसलिए इस पंचायत के सरपंच और सचिव की भूमिका भी संदिग्ध है ग्राम पंचायत की बिना अनुमति के उनकी सीमा क्षेत्र में इस तरह की निजी जमीनों पर कई अवैध निर्माण हो गए इन्होंने कभी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की. वहीं तहसीलदार मोहित सिनम ने इस अवैध कॉलोनी पर विशेष मेहरबानी दिखाई और तत्कालीन एसडीएम राजेश शाह से अभीमत लेकर ताबडतोड़ नामांतरण कर दिए। फिलहाल तो इस अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजर विरुद्ध जो प्रकरण दर्ज हुआ था वो अभी न्यायालय सीतामऊमें विचारधीन हैं।

इस कॉलोनी को लेकर कोई मामला न्यायालय में चल रहा है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। में पता करके दिखवाती हूं।

**शिवानी गर्ग, एसडीएम सीतामऊ**

ग्राम पंचायत द्वारा इस अवैध कॉलोनी में भवन निर्माण की कोई परमिशन नहीं दी गई है और इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**गोपालसिंह झाला, तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत किशोरपुरा**

# कार से आए बदमाशों ने की फायरिंग

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, तीन नाकाबपोशों ने किया हमला

**नीमच, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांव केरी में बुधवार रात स्कार्पियो से आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने दशरथ सिंह तोमर के घर हमला कर दिया। जीरन थाना पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने पहले स्कार्पियो से मकान का लोहे का गेट तोड़ा। इसके बाद घर में घुसकर रिवॉल्वर से फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने सबसे पहले मकान की दीवारों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को निशाना बनाया। हालांकि, गोलियां कैमरों को नुकसान नहीं पहुंचा सकीं। गोलियां दीवारों से टकराई, जिससे दीवारों का प्लास्टर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पूरी वारदात मकान के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए। अभी तक हमले का कारण और किसे निशाना बनाया गया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। दशरथ सिंह तोमर ने जीरन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। साथ ही हमलावरों की पहचान और हमले के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# कलेक्टर ने दो आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा म.प्र.राज्य लोक शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत दो आदतन अपराधी याकूब खाँ पिता बुन्दु खाँ निवासी जयपुरा खिलचीपुरा थाना नई आबादी जिला मंदसौर एवं शेरू पिता खाजू न्यारगर निवासी बोतलगंज थाना पीपल्यामण्डी जिला मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# सावन में ओंकारेश्वर में शिव आराधना का महासंगम

## हर दिन होगा 2,51,000 बार ॐ नमः शिवाय जाप

**ओंकारेश्वर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पवित्र सावन माह की शुरुआत इस वर्ष 4 जुलाई से हो रही है और इसके साथ ही संपूर्ण भारत में भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व आरंभ हो जाएगा। इसी कड़ी में मां नर्मदा के तट पर स्थित खेड़ी घाट (मोरटक्का) स्थित महर्षि वाल्मीकि धाम आश्रम में सावन को आध्यात्मिक भक्ति और मंत्रोच्चार से भरे भव्य आयोजन के रूप में मनाया जाएगा।

आश्रम के संस्थापक लखन सिंह तंवर ने जानकारी दी कि पूरे एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन विद्वान आचार्यों द्वारा 2,51,000 बार 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप किया जाएगा। यह आयोजन न केवल शिव उपासना को समर्पित होगा, बल्कि समाज में धार्मिक चेतना और जागरूकता भी फैलाएगा।

**आयोजन की प्रमुख विशेषताएं, रोजाना 25,000 रुद्राक्षों का अभिमंत्रण-** ✻ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन ✻ हर सोमवार विशेष रुद्राभिषेक ✻ 12 ज्योतिर्लिंगों पर मां नर्मदा जल से महाअभिषेक

**प्रत्येक दिन जल कलश पूजन एवं मंत्रों द्वारा पूजन अनुष्ठान-** इस आयोजन में देशभर से श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। महर्षि वाल्मीकि धाम आश्रम में होने वाले इस भक्ति महोत्सव को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आश्रम परिवार का मानना है कि यह आयोजन न केवल शिव आराधना का केंद्र बनेगा, बल्कि यह लोगों को आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा भी देगा। सावन मास के दौरान ओंकारेश्वर और आसपास के क्षेत्र में कई मंदिरों और तीर्थस्थलों पर महाआरती, हवन, भंडारे और विशेष पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। यह आयोजन धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देता है और बड़ी संख्या में शिव भक्त, साधक और तांत्रिकों को एकत्र करता है। श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल पर भोजन, रुकने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और जलपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय प्रशासन भी इस धार्मिक आयोजन की सफलता हेतु सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहा है।

# शासकीय/अशासकीय स्कूलों में बच्चों से संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबर चस्पा करें-डा.शर्मा

## मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बैठक कर निर्देश दिए



**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ निवेदिता शर्मा, सदस्य श्री ओंकार सिंह ने जिला पंचायत में बैठक कर जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए किशासकीय/अशासकीय स्कूलों में बच्चों से संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबर चस्पा करें। स्कूलों, छात्रावासों में शिकायत पेटी भी लगवाए। शिकायत के निराकरण के लिए समिति बनाएं तथा समय पर शिकायत का निराकरण करें। पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण हेतु समिति बनाएं तथा जितने प्रकरण है उनका तुरंत निराकरण करें। बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की काउंसलिंग के लिए अलग से रूम हो। बच्चों के संबंध में सपोर्ट पर्सन से बात करें। सपोर्ट पर्सन से लगातार संपर्क में रहे। वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सक्रिय रहे। जेजे एक्ट को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। प्रकरणों में पुलिस अपनी पूरी रिपोर्टिंग बहुत अच्छे से करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बीएल वैष्णव, बाल अधिकार संरक्षण आयोग से जुड़े सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

बच्चों की शिक्षा के अधिकारों का हनन न हो, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। श्रम विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम न हो इसके लिए लगातार निरीक्षण करें, चेकिंग करें। ऐसे श्रमिक जिनको न्यूनतम से कम वेतन मिल रहा है उनको वेतन दिलाए। महिला एवं बाल विकास विभाग बाल विवाह रोकने के लिए एक टीम बनाएं। इसके लिए एसओपी निर्धारित करें। बाल विवाह रोकने के बाद उसका फॉलोअप भी लेवे। बाल विवाह न हो इसके लिए लोगों को प्रेरित करें। घुमंतु समुदाय के बच्चों को छात्रावास की सुविधा दिलाए, इसके लिए प्रयास करें। ऐसे बचे छात्रावास में अधिक से अधिक जाए इस हेतु बच्चों को प्रेरित करें। ऐसे बचे जो बीच में ही स्कूल छोड़ देते हैं, स्कूल छोड़ने के कारण को समझे और उसका समाधान निकालें। जिले में कोई मदरसा बिना पंजीयन के नहीं चले इसका निरीक्षण करें तथा समय-समय पर जांच करें। मदरसों की मान्यताओं को चेक करें।

# प्रदेश में अवैध कालोनाइजर्स पर टेक्नीकल स्ट्राइक, रजिस्ट्री के समय सॉफ्टवेयर मांगने लगा परमिशन

**भोपाल, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर अवैध कॉलोनाइजरों के लिए तकनीकी स्ट्राइक साबित हो रहा है। एक तरफ जहां प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों में खरीदी गई संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है, वहीं भूमाफिया पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आवेदन तो कर रहे हैं, लेकिन तमाम कमियों के चलते हो नहीं पा रही हैं। संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर में खसरा नंबर दर्ज करते ही प्रापर्टी की पूरी जानकारी ऑनलाइन दिखने लगती है। इससे पता चल जाता है कि यह प्रापर्टी किसकी है, कहां है और किसके द्वारा बेची गई है। साथ ही उसके बेचने वाले कॉलोनाइजर ने अनुमतियां ली हैं या अवैध रूप से प्रापर्टी बेची गई है, इसका भी पता चल जाता है।

# आज मंदसौर बंद की अपील, ज्ञापन देंगे

### मासूम के मुजरिमों को फांसी देने की मांग

**मंदसौर, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सोशल मीडिया पर शुक्रवार को मंदसौर बंद की अपील वायरल हुई। जिसमें मंदसौर की समस्त जनता के नाम से नगर बंद रखने की बात कही गई है। मामला है मासूम बच्ची के साथ कुछ साल पहले हुये दुष्कृत्य का। जिसमें आरोपियों की फांसी की सजा के फैसले को बदलते हुए सेशन न्यायालय ने आजीवन जैल में रहने का फैसला दिया है। बंद की अपील में कहां गया है कि दोपहर 3.00 बजे सर्व समाज द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें आरोपियों की फांसी की सजा की मांग की जाएगी। सुबह 10.00 बजे गांधी चौराहा स्थित विश्वपति शिवालय पर सभी एकत्रित होकर बंद को सफल बनाने की अपील के लिए रवाना होंगे। दिन भर लोग शहर में दुकाने बंद कराते रहेंगे।



नपा सभागृह में बैठक में शामिल सर्वसमाजजन

# जमीन पर कब्जा करने के लिए गुंडे, बदमाशों को भेजने का आरोप..!

**पिपलियामंडी, 03 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बायपास मार्ग पर जमीन विवाद में गुंडे, बदमाशों को भेजकर कब्जा हटाने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए युवक ने पुलिस थाने शिकायत दर्ज कराई। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है जमीन मेरी है, मैं खाली करवाने के लिए किसी को भेज सकता हूं। पिपलियामंडी बायपास मार्ग पर निवासरत ललित शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि सुनिल पिता मांगीलाल निवासी जमनावदा तह, छोटीसादडी (राज.) ने मेरे कब्जे की जमीन को खाली कराने के लिए 15 से 20 गुंडे, बदमाश भेजे। जबकि जमीन पर मेरा कब्जा चला आ रहा है। समझौते बतौर सुनील ने 53 लाख रुपए देने की लिखपढ़ी कराई थी, लेकिन रुपए नही दिए और करीब 15 गुंडे, बदमाशों को भेजकर मेरे व मेरी माताजी के साथ मारपीट करवाई गई। जमीन पर मेरी माताजी के नाम से लगा बोर्ड भी हटा दिया। जबकि उक्त भूमि को लेकर न्यायालय मे प्रकरण चल रहा है। इधर सुनील पिता मांगीलाल का कहना है कि कोर्ट से मेरे पक्ष में फैसला हुआ है, जमीन मेरी है, दूसरे को इस पर रहने का अधिकार नही है। मैं कब्जा करने के लिए किसी को भी भेज सकता हूं। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव का कहना है चचेरे भाईयों के बीच जमीन विवाद का मामला है, दोनों ने आवेदन दिए है। मारपीट जैसी कोई बात सामने नही आई है।

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

**विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी बंशीलाल राठौर पिता धन्नालाल निवासी ग्राम बिल्लोद, जिला- मंदसौर की मृत्यु दिनांक 10-08-2023 को हो गई है। इनके ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 14 एसी 5347 को इनकी पत्नी श्रीमती टमाबाई पति बंशीलाल ने अपने नाम पर अंतर्गण दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये है।**

**इस प्रकाशन अवधि के सात दिवस में यदि किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात वाहन श्रीमती टमाबाई के नाम अंतरण कर दिया जावेगा।**

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in